EXTRACT FROM HARYANA GOVERNMENT GAZETTE EXTRAORDINARY DATED THE 10TH JUNE, 2022

हरियाणा सरकार
आबकारी तथा कराधान विभाग
अधिसूचना

दिनांक 10 जून, 2022

संख्या 26/आ0–1/पं0अ01/1914/धा0 21 तथा 59/2022–हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914 (1914 का पंजाब अधिनियम 1), की धारा 21 तथा 59 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा हरियाणा सरकार, आबकारी तथा कराधान विभाग, अधिसूचना संख्या 9/आ0–1/पं0अ01/1914/धा0 9/2020, दिनांक 28 जनवरी, 2020 के प्रतिनिर्देश से, मैं, शेखर विद्यार्थी, आबकारी आयुक्त, हरियाणा, इसके द्वारा, पंजाब आसवनी नियम, 1932, हरियाणा राज्यार्थ, को आगे संशोधित करने के लिए, निम्नलिखित नियम बनाता हूँ, अर्थात्:–

1. (1) ये नियम पंजाब आसवनी (हरियाणा द्वितीय संशोधन) नियम, 2022, कहे जा सकते है।

(2) ये जून, 2022 के बाहरवें दिन से लागू होंगे।

2. पंजाब आसवनी नियम, 1932 (जिन्हें, इसमें, इसके बाद, उक्त नियम कहा गया है) में, नियम 3 में, खण्ड (ड़) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :–

''(ड.) प्रस्तावित आसवनी को आशय का कोई नया पत्र तब तक प्रदान नहीं किया जाएगा जब तक कि राज्य में मौजूदा आसवनी की स्थापित उत्पादन क्षमता का 90 प्रतिशत एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल का वास्तविक उपयोग न हो जाए। आगे, प्रस्तावित आसवनी के लिए आशय का कोई भी पत्र वर्ष 2022–23 में पुनः वैधीकरण नहीं किया जाएगा, यदि आवेदक अपने आशय पत्र के प्रावधानों के अधीन निर्धारित समय के भीतर संयंत्र स्थापित करने में विफल रहता है।''।

3. उक्त नियमों में, नियम 4 में, उप–खण्ड (क) के स्थान पर, निम्नलिखित उप–खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''(क) निम्नलिखित अनुज्ञप्ति के लिए रूपये की जमा राशि, अर्थात्:–

क्रम संख्या	अनुज्ञप्त का नाम	प्रतिदिन किलो लीटर में स्थापित क्षमता	अनुज्ञप्त फीस (रू0 में)
1.	घ–2	40 किलो लीटर से कम	1,50,00,000/–
		40 किलो लीटर लेकिन 80 किलो लीटर से कम	2,00,00,000/–
		80 किलो लीटर लेकिन 120 किलो लीटर से कम	2,50,00,000/–
		120 किलो लीटर लेकिन 160 किलो लीटर से कम	3,00,00,000/–
		160 किलो लीटर लेकिन 200 किलो लीटर से कम	3,50,00,000/–
		200 किलो लीटर से अधिक	4,00,00,000/–
2.	घ–2क		5,00,000/–
3.	घ–2ख		5,00,000/–;''।

4. उक्त नियमों में, नियम 16 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''16. अनुज्ञप्तिधारी, आसवनी में पदस्थ सरकारी आबकारी प्रतिष्ठान के समयोपरि इत्यादि सहित वेतन मद्दे वित्तीय आयुक्त द्वारा मांगे जाने वाले ऐसे भुगतान को सरकारी खजाने में जमा करवाएगा, लेकिन वह स्थापना के ऐसे किसी भी सदस्य को कोई प्रत्यक्ष भुगतान नहीं करेगा।''।

5 उक्त नियमों में, नियम 25 के पश्चात, निम्नलिखित नियम जोडा जाएगा, अर्थात् :–

''25क. अनुज्ञप्तिधारी, शराब के निर्माण और बॉटलिंग संचालन और प्रेषण की निगरानी के लिए आसवनी के अन्दर मुख्य द्वार पर, बॉटलिंग कक्ष में, आसवन प्लांट, स्पिरिट रिसीवर कक्ष, स्पिरिट स्टोरेज कक्ष और लोडिंग स्पिरिट, बोतलबन्द स्पिरिट और अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर एकीकृत सीसीटीवी तन्त्र स्थापित करेगा। इस नियम के उपबन्ध राज्य में बोटलिंग प्लांटों पर यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

25ख. (i) नियम 25 के अधीन स्थापित एकीकृत सीसीटीवी तन्त्र, राज्य की सभी आसवनियों में स्थापित किया जायेगा और आसवनियों से लाइव फीड प्राप्त करने के लिए मुख्यालय में नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा, जो ऑनलाईन एमआईएस उत्पन्न करेगा और राज्य में गैर शुल्क भुगतान वाली शराब को बाहर निकलने से रोकने के लिए एक प्रभावी रीति होगी।

(ii) ऐसे सीसीटीवी कैमरे से लाईव फीड उप आबकारी तथा कराधान आयुक्त (आबकारी) को उपलब्ध कराया जायेगा, जो पाक्षिक आधार पर सीसीटीवी कैमरों के कामकाज की निगरानी करेगा और समय–समय पर लाइव फीड की समीक्षा करेगा और यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो दण्डात्क कार्यवाही की सिफारिश करेगा। आसवनी द्वारा प्रत्येक मास इलैक्ट्रॉनिक फार्मेट में सीसीटीवी की फुटेज समाहर्ता के कार्यालय को उपलब्ध करावाएगी।

EXTRACT FROM HARYANA GOVERNMENT GAZETTE EXTRAORDINARY DATED THE 10TH JUNE, 2022

6. उक्त नियमों में, नियम 28 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

''28(1) आसवनी के सामान्य संचालन को एक कार्य दिवस में 8:00 घन्टे के लिए अनुमति दी जाएगी, जिसे आबकारी आयुक्त की पूर्व अनुमति से 10,000 रूपये के अतिरिक्त फीस पर आसवनी/बॉटलिंग प्लांट द्वारा आगे 8:00 घण्टे की (अर्थात् दूसरी पाली) और आगे 10,000 रूपय के भुगतान पर 8:00 घण्टे (अर्थात् तीसरी पाली) तक बढाया जा सकता है;

(2) आसवनी/बॉटलिंग प्लांट से प्रेषण के संचालन के घण्टे 9:00 बजे से 19:00 बजे तक सीमित होंगे और यदि कोई आसवनी/बॉटलिंग प्लांट अनुज्ञप्तिधारी विहित घण्टों से अधिक शराब भेजते हुए पाया जाता है, तो पहले अपराध के लिए 1,00,000/–रूपये, दूसरे अपराध पर 2,50,000/–रूपये और तीसरे अपराध के लिए 5,00,000/–रूपये की शास्ति लगाई जाएगी और बाद के किसी भी अपराध पर, अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी।

शेखर विद्यार्थी,
आबकारी तथा कराधान आयुक्त,
हरियाणा।

EXTRACT FROM HARYANA GOVERNMENT GAZETTE EXTRAORDINARY DATED THE 10TH JUNE, 2022

HARYANA GOVERNMENT
EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT
Notification

The 10th June, 2022

No.26/X-1/P.A.1/1914/Ss.21 and 59/2022.- In exercise of the powers conferred under sections 21 and 59 of the Haryana Excise Act, 1914 (Punjab Act 1 of 1914), and with reference to Haryana Government, Excise and Taxation Department, notification No.09/X-1/P.A.1/1914/S.9/2020, dated the 28th January, 2020, I, Shekhar Vidyarthi, Excise Commissioner, Haryana, hereby makes the following rules further to amend the Punjab Distillery Rules, 1932, in their application to the State of Haryana, with effect from the 12th day of June, 2022, namely:-

1 These rules may be called the Punjab Distillery (Haryana Second Amendment) Rules, 2022.

2 In the Punjab Distillery Rules, 1932 (hereinafter called the said rules), in rule 3, for clause (e), the following clause shall be substituted, namely :-

"(e)No new letter of intent shall be granted to the proposed Distillery (except for exclusive production of Ethanol or a new standalone separate ethanol plant in the existing distillery) till actual utilization of Extra Neutral Alcohol reaches 90% of the installed production capacity of the existing distilleries in the State. Further, no letter of intent shall be revalidated in the year 2022-23 for a proposed Distillery, if the applicant fails to set up the plant within the prescribed time under the provisions of his letter of intent.".

3. In the said rules, in rule 4, for sub-rule (a), the following sub-rule shall be substituted, namely :-

"(a) deposited a sum of Rupees for following license, namely:-

Serial Number	Name of License	Installed Capacity in Kilo Litre per day	License fee (In Rs.)
1.	D-2	Less than 40 Kilo Litre	1.50,00,000/-
		40 Kilo Litre but less than 80 Kilo Litre	2,00,00,000/-
		80 Kilo Litre but less than 120 Kilo Litre	2,50,00,000/-
		120 Kilo Litre but less than 160 Kilo Litre	3,00,00,000/-
		160 Kilo Litre but less than 200 Kilo Litre	3,50,00,000/-
		200 Kilo Litre and above	4,00,00,000/-
2.	D-2A	-	5,00,000/-
3.	D-2B	-	5,00,000/-

4. In the said rules, for rule 16, the following rule shall be substituted, namely :-

"16. The licensee shall deposit in Government Treasure such payment as may be demanded by the Financial Commissioner on account of the salaries including over time etc. of the Government excise establishment posted to the distillery, but he shall not make any direct payment to any member of such establishment.".

5. In the said rules, after rule 25, the following rule shall be inserted, namely :-

"25A. The licensee shall installed an integrated CCTV mechanism in his distillery, at the main gate, in the bottling rooms, at the Distillation Plant, Spirit receiver room, Spirit Storage room and loading of spirit, bottled spirit and all other important places within the Distillery enclosure to monitor the manufacturing and bottling operations and dispatches of liquor. The provisions of this rule shall mutatis mutandis applies to bottling plants in the State.

25B. (1) The integrated CCTV mechanism established under rule 25 shall be installed in all the distilleries of the State and a control room shall be set up at the Head Office for receiving live feed from the distilleries which shall generate online MIS and shall be an efficient method to plug leakage of non-duty paid liquor in the State.

(2) The live feed from such CCTV Camera shall be made available to the Deputy Excise and Taxation Commissioner (Excise) who shall monitor the working of CCTV cameras on fortnightly basis and shall periodically review the live feed and shall recommend the penal proceedings in case any violation is found. The distillery shall make available the CCTV footage, in an electronic format every month, to the office of the Collector.".

6. In the said rules, for rule 28, the following rule shall be substituted , namely :-

"28. (i) The general operation of the distillery shall be allowed for 8:00 hours in a working day which can be extended by further 8:00 hours (i.e. second shift) by a distillery/bottling plant on an additional fee of ₹10,000/- and for further 8:00 hours (i.e. third shift) on payment of ₹10,000/- with the prior permission of Excise Commissioner.

(ii) The hours of operation for dispatches from distillery/bottling plant shall be limited from 9:00 hours to 19:00 hours and if any distillery/bottling plant licensee, if found dispatching liquor beyond the prescribed hours, a penalty of ₹1,00,000/- shall be imposed for the first offence, ₹2,50,000/- on second offence and ₹5,00,000/- for third offence and further on any subsequent offence, the license shall be cancelled.".

SHEKHAR VIDYARTHI,
Excise and Taxation Commissioner,
Haryana.